## आरपीएस नारनौल के छात्र आदिश जैन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर पूरे देश का नाम किया रोशन

### -आईजेएसओ में 24 देशों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा। आदिश जैन ने जीता गोल्ड मेडल

### -आरपीएस कक्षा 9वीं एवं 10वीं में इंटरनेशनल ओलंपियाड की करवा रहा तैयारी


आदिश जैन

**नारनौल** | आरपीएस नारनौल में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साईंस ओलंपियाड का पहला स्टेज एनएसईजेएस, दूसरा स्टेज आईएनजेएसओ, तीसरा स्टेज ओसीएससी, चौथा स्टेज पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ 6 विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। उसके बाद पांचवे व अंतिम चरण में आईजेएसओ-इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलंपियाड में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

आदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर ग्रुप सीईईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। आर पी एस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। यहाँ बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार शोधात्मक शिक्षा देकर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। विद्यालय के छात्र आदिश जैन ने विज्ञान विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र आदिश जैन की यह उपलब्धि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उन्होंने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन एवं माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी एवं सभी विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जहाँ छात्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं।

**पांच स्टेज में होती है प्रतियोगिता**

प्रतियोगिता की पहली स्टेज एनएसईजेएस (जूनियर साइंस में राष्ट्रीय मानक परीक्षा) होती है जिसमें पूरे भारत से 300 बच्चों का चयन होता है। दूसरे स्टेज में इंडियन नेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड के तहत पूरे देश में से सर्वश्रेष्ठ 35 विद्यार्थियों का चयन होता है। तीसरे स्टेज में ओसीएससी (जूनियर साइंस में ओरिएंटेशन सह चयन शिविर) होता है जिसमें चौथे स्टेज के लिए 6 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाता है। चौथे चरण में आईजेएसओ के लिए प्रस्थान-पूर्व प्रशिक्षण शिविर होता है और पांचवें तथा अंतिम चरण में आईजेएसओ (अंतर्राष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड) में भागीदारी होती है। गोल्ड मेडल विजेता छात्र आदिश जैन को आरपीएस परिवार के सभी सदस्यों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12-15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। इस प्रतियोगिता में आर. पी. एस. नारनौल के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थी तेजी से प्रगति कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया। प्राचार्य ने बताया कि इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड परीक्षा मुख्य रूप से दुनिया भर के सभी देशों के छात्रों के लिए खुली है। माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इसमें भाग लेते हैं। यह पहली बार 1987 में आयोजित किया गया था।

ADVT.





## चेतावनी : बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ हत्याकांड में नहीं हुई गिरफ्तारी

# 48 घंटे का अल्टीमेटम खत्म पंचायत बोली-आंदोलन तय

**डीएसपी एएसपी से मिले परिजन मिला केवल अश्वासन**



***हत्या को 10 दिन हो चुके है अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई***

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव हमायुंपुर निवासी युवा बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ की हत्या के मामले में तनाव बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रोहित धनखड़ की हत्या को दस दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पंचायत ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 48 घंटे मांगे थे। लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। परिजनों और क्षेत्र की पंचायतों ने भिवानी पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाते हुए साफ कहा है कि अब समुदाय खुद आगे की रणनीति तय करेगा। परिवार और पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि हत्या को 10 दिन हो चुके है, अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी न होना न्याय प्रक्रिया पर बड़ा प्रश्न चिन्ह है।


रोहतक। आईजी से मिलने आए गांव हमायुंपुर और बखेता की संयुक्त पंचायत।

### अधिकारियों से मिलने के बाद भी परिवार असंतुष्ट

गांव हमायुंपुर और बखेता की संयुक्त पंचायत को मामले की शिकायत लेकर आईजी से मिलने रोहतक पहुंची, लेकिन वरिष्ठ अधिकारी उपलब्ध न होने के कारण प्रतिनिधिमंडल भिवानी पहुंचे डीएसपी और एएसपी वाईवीआर शशि शेखर से मुलाकात की। अधिकारियों ने जांच की प्रगति के बारे में जानकारी देने की कोशिश की, परंतु पंचायत व पीड़ित परिवार ने इसे असंतोषजनक बताते हुए कहा कि जांच की रफ्तार बेहद कमजोर है और हत्यारों को बचाने का प्रयास दिख रहा है।

### सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने जताई संवेदना कार्रवाई की मांग

देर शाम कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी रोहित के घर पहुंचे और शोक संवेदना प्रकट की। रोहित की मां को देखकर वे स्वयं भी भावुक हो गए। संतोष देवी ने सांसद के सामने रोते हुए कहा कि सात दिन हो गए, मेरे बच्चे के हत्यारे अभी भी खुले घूम रहे हैं। सांसद ने मौके पर ही फोन पर पुलिस आईजी से बातचीत कर मामले का स्टेटस पूछा और गिरफ्तारी में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवार को आश्वासन दिया कि न्याय की लड़ाई में वे उनके साथ खड़े रहेंगे।

### पंचायत का रुख सख्त

धनखड़ खाप द्वारा आयोजित पिछली पंचायत में प्रशासन को 48 घंटे का समय दिया गया था कि हत्यारों को गिरफ्तार कर कार्रवाई में तेजी लाई जाए। यह समय सीमा अब समाप्त हो चुकी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी कारण पंचायत अब नए आंदोलन के रास्ते पर जाने की तैयारी कर रही है।

### बयान भी दर्ज नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस ने शादी के परिवारों व बारातियों से गहन पूछताछ नहीं की, शादी स्थल के सीसीटीवी फुटेज नहीं खंगाले, लोकेशन ट्रैकिंग और सीडीआर जैसी तकनीकी जांच में कोई तेजी नहीं दिखाई। संदिग्ध रिश्तेदारों और युवकों के बयान तक दर्ज नहीं किए।

### मां की बिगड़ी हालत

रोहित की मां संतोष देवी बेटे की मौत और पुलिस की सुस्त कार्रवाई से गहरे सदमे में हैं। परिवार के चाचा कप्तान सिंह और छात्र नेता दीपक धनखड़ ने बताया कि संतोष देवी पिछले तीन दिनों से मानसिक रूप से बेहद विचलित हैं और कई बार आत्महत्या करने की बात कह चुकी हैं। एहतियात के तौर पर परिवार की महिलाएं उनके पास लगातार बैठी रहती हैं।

## चोरों का आतंक बढ़ा एक ही रात में दो जगह चटकाई कुंडी

**सांपला।** सांपला ब्लॉक में गुरुवार रात चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना गिझी गांव की है। निवासी राकेश ने पुलिस को शिकायत दी कि उनका चाचा अपने परिवार सहित पंचकूला में रहता है और मकान की चाबी उन्होंने राकेश को दे रखी है। गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखी सोने की चेन, अंगूठी, पायल, चांदी के सिक्के और नकदी चोरी कर ली। दूसरी घटना पाकस्मा गांव के सरकारी स्कूल की है, जहां कंप्यूटर रूम का ताला तोड़कर चोर सीपीयू और अन्य सामान ले गए। दोनों मामलों में पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

## गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में स्वच्छता जागरूकता रैली

# हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह शहर को स्वच्छता बनाए और दूसरों को भी प्रेरित करे

***घर, दुकान और संस्थानों में डस्टबिन अवश्य रखें: आयुक्त प्रदीप***

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक


**रोहतक।** स्वच्छता जागरूकता रैली में भाग लेते नगर निगम आयुक्त प्रदीप कौशिक व गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

स्वच्छ हरियाणा मिशन के अंतर्गत गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त प्रदीप कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्राचार्या डॉ. महाश्वेता ने उन्हें पौधा भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि कौशिक ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ समाज की मूल आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह न केवल स्वयं स्वच्छता बनाए रखे बल्कि दूसरों को भी इसके प्रति प्रेरित करे। जहां भी कूड़ा जमा दिखाई दे, उसकी फोटो नगर निगम की वेबसाइट पर अपलोड करें ताकि तत्काल सफाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने घर, दुकान और सभी प्रकार के संस्थानों में डस्टबिन अवश्य रखने तथा कचरा नियमित रूप से नगर निगम के वाहन में ही डालने का आग्रह किया। इसके बाद कौशिक ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### स्वच्छता के महत्व बताया

स्वच्छ अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि रैली महाविद्यालय से शुरू होकर माता दरवाजा, पाड़ा मोहल्ला, सिलारा मोहल्ला, अनंतपुरम, रौनक पूरा आदि क्षेत्रों से होती हुई पुनः महाविद्यालय पर समाप्त हुई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने जोशीले नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया।

## गांव नांदल में पराली में लगी आग, फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने पाया काबू



**रोहतक।** गांव नांदल के चांदी रोड क्षेत्र में संदीप, नवीन और जसबीर द्वारा लगभग 60-70 एकड़ में इकट्ठी की हुई पराली में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा रहा है। घटना स्थल पर आसपास के ग्रामीण भी राहत एवं बचाव कार्य में मदद कर रहे हैं। हालांकि, आग से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय लोगों ने आग लगने के कारणों और नुकसान का आकलन करने के बाद भविष्य में पराली जलाने और आग लगने से बचाव के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को आग फैलने से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने की सलाह दी है।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत युवक को 52 पव्वे देसी शराब के साथ धर दबोचा

**रोहतक।** पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत अवैध शराब की तस्करी पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को काबू किया है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से 52 पव्वे देसी शराब बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। थाना शिवाजी कॉलोनी प्रभारी निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि मुख्य सिपाही आशीष के नेतृत्व में पुलिस टीम एकता कॉलोनी के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई देने पर उसे रोका गया। पूछताछ में उसकी पहचान अजय पुत्र दिलबाग, निवासी एकता कॉलोनी रोहतक के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से 52 पव्वे देसी शराब बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। उसके खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में अवैध शराब के तीन तथा हत्या के प्रयास का एक मामला पहले से दर्ज है।

**आयोजन** पंडित भगवत दयाल शर्मा विवि में राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शुरू

***तीन दिन तक चलेगा व्याख्यान***

# कार्यशाला में 200 प्रतिभागियों को मार्ग दर्शन करेंगी डॉ. विल्सन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थान द्वारा रोहतक ओप्थाल्मालॉजिकल सोसायटी और हरियाणा ओप्थाल्मालॉजिकल सोसाइटी के सहयोग से स्ट्रॉबिसमस पीडियाट्रिक ओप्थाल्मालॉजिकल सोसायटी ऑफ़ इंडिया की तीन दिवसीय 12वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस शुक्रवार को शुरू हो गई।

कॉन्फ्रेंस की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉक्टर उर्मिल चावला ने बताया कि पीजीआईएमएस के सुश्रुत सभागार में इस वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कॉन्फ्रेंस 7 दिसंबर तक चलेगी जिसका 6 दिसंबर को पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल औपचारिक रूप से शुभारंभ करेंगे।


**रोहतक।** राष्ट्रीय कांफ्रेंस में भाग लेते विशेषज्ञ। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रशिक्षण दिया

डॉ. उर्मिल चावला ने बताया कि इस कांफ्रेंस में 200 से ज्यादा प्रतिभागी आएंगे, वहीं आज विदेश से डॉक्टर विल्सन आई हुई हैं जो व्याख्यान देंगी। उन्होंने बताया कि आज शाम के सत्र में पीजी छात्रों को कृत्रिम अंगों पर प्रशिक्षण दिया गया। कॉन्फ्रेंस के सीनियर ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ आर एस चौहान है, ऑर्गेनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ निभा पासी हैं ,इसके साथ ही कॉन्फ्रेंस की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री उनके साथ डॉ. रीना गुप्ता भी हैं । डॉ. आरएस चौहान ने बताया कि इस कांफ्रेंस में दिल्ली, चेन्नई ,जयपुर व टर्की से भी प्रतिभागी आए हुए हैं।





# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

लाइफ Style

# ऐश्वर्या

## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।

डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।




हॉलीवुड मसाला




# एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।




# शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

**लॉस एंजिल्स।** 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



# एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



# द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

टीवी मसाला



# महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलती रहती हूं।' इस पर सभी हंसते हैं। दूसरे टैग में दिखाया जाता है 'एंग्री यंग वुमेन'। इस पर हरमनप्रीत कौर कहती हैं 'एंग्री का तो पता नहीं पर यंग वुमन ठीक है।' अगले टैग में दिखता है 'सुरों के सरताज।' इस पर सब अमोल मजूमदार का नाम लेते हैं। इसके बाद अमोल मजूमदार स्टेज पर आकर गाना गाते हैं। शो में एक खास मौके पर अमिताभ ने टीम को जंक फूड खाने के लिए चिढ़ाया, खासकर टूर्नामेंट के दौरान। जवाब में, शेफाली ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है।

## 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' 19 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** चर्चित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। सयानी गुप्ता, कीर्ति




कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे। इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। बता दें कि इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं।

# 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

**मुंबई।** गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

### शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।



### धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*

### सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

# शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा



**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया, 'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।

## कंटेंट रहा कमजोर, मेगा स्टार्स भी नहीं लगा पाए नैया पार

# इस साल बड़े बजट की फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर बत्ती हुई गुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 बॉलीवुड के लिए बेहद दिलचस्प रहा। जहां एक ओर छोटे बजट की कहानियों ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कमाई कर सभी को चौंका दिया, वहीं दूसरी ओर दिग्गज सितारों की बड़ी-बड़ी फिल्में बुरी तरह धराशायी हो गईं। करोड़ों के बजट पर खड़े किए गए कई मेगा प्रोजेक्ट उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। कंटेंट कमजोर रहा, ऑडियंस कनेक्शन नहीं बन पाया और सितारों का चमकता स्टारडम भी टिकट विंडो पर फिल्मों को नहीं बचा सका। इस साल की फ्लॉप लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई बड़े नाम शामिल हैं।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की महत्वाकांक्षी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज से पहले काफी सुर्खियां मिलीं, लेकिन सिनेमा हॉल में कहानी टिक नहीं पाई। इंदिरा गांधी पर आधारित यह बायोपिक विवादों में फंसने के बाद चर्चा तो बटोर गई, लेकिन कमाई आधे रास्ते में ही ठहर गई। करोड़ों झोंकने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ गई।

### देवा

शाहिद कपूर की देवा ने ट्रेलर रिलीज के समय जबरदस्त उत्सुकता जगा दी थी। लेकिन, फिल्मों में ट्रेलर का आकर्षण तब तक ही टिकता है जब कहानी दर्शकों को बांधकर रखे। यही कमी देवा में नजर आई। बजट भारी था, कमाई उसकी छाया भी नहीं छू पाई। भारत में इस फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 34.37 करोड़ का रहा।



### सिकंदर

ईद रिलीज मानी जाती है गोल्डन स्लॉट, लेकिन सलमान खान की सिकंदर इस साल 'ईद मैजिक का लाभ नहीं उठा पाई। फिल्म का बजट बेहद बड़ा था, लेकिन कहानी साधारण और स्क्रीनप्ले औसत होने के कारण दर्शकों ने इसे एक हफ्ते बाद ही नजरअंदाज करना शुरू कर दिया।

### वॉर 2

वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद इसके सीक्वल से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की स्टारकास्ट भारी थी, बजट उससे भी भारी, लेकिन फिल्म दर्शकों को पकड़ नहीं पाई। भारीभरकम बनावट और कमजोर कहानी- यही इसकी हार का सबसे बड़ा कारण बना। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ के करीब था, लेकिन भारत में कमाई सिर्फ 222.35 करोड़ की रही।

### सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्मों का लंबे समय से अलग फैन बेस रहा है, लेकिन सन ऑफ सरदार 2 इस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मल्टी-स्टार कास्ट और बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच ही नहीं पाई। हंसी के बिना कॉमेडी का स्वाद फीका हो जाता है, यही फिल्म की असफलता का पलड़ा भारी कर गया। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 60.90 करोड़ बटोरे।

### बागी 4

टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की बागी 4 एक्शन प्रेमियों के लिए बनाई गई थी, लेकिन फ्रेंचाइजी की यह किस्त गहराई और नईपन की कमी के कारण पिछली हिट फिल्मों जैसा असर छोड़ने में नाकाम रही। एक्शन बहुत था, भावनाएं बहुत कम और दर्शक अब सिर्फ स्टंट से नहीं, कहानी से भी जुड़ना चाहते हैं। करीब 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 52.77 करोड़ ही कमा पाई।

### 2025 की बाकी बड़ी फ्लॉप्स

राम चरण-कियारा आडवाणी की गेम चेंजर, राजकुमार राव की मालिक, सिद्धांत–तृप्ति की धड़क 2, सोनू सूद की फतेह, द बंगाल फाइल्स, आजाद, अर्जुन कपूर की मेरे हस्बैंड की बीवी, जुनैद–खुशी कपूर की लवयापा, ग्राउंड जीरो- ये सभी फिल्में बजट के हिसाब से उम्मीदें पूरी नहीं कर पाईं। साल भर में बार-बार यही साबित हुआ- अब दर्शक सिर्फ स्टार नहीं, बेहतर कंटेंट चुन रहे हैं।

# मेडिकल और एलाइड हेल्थ साइंस के क्षेत्र में समर्पण का भाव जरूरी

■ विश्वविद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं होता, बल्कि यह व्यक्ति के सम्पूर्ण विकास का मंच भी है: डॉ. विनोद कुमार



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित फ्रेशर पार्टी में मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक-शिक्षिकाएं। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मेडिकल एंड एलाइड हेल्थ साइंसेज में आरोह 2025 फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए छात्रों का स्वागत करना और उन्हें संस्थान की शैक्षणिक व सांस्कृतिक परंपराओं से अवगत कराना था। पूरे कार्यक्रम में छात्रों का जोश और सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार और आइक्यूएसी डायरेक्टर प्रो.अरूप गिरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं होता, बल्कि यह व्यक्ति के सम्पूर्ण विकास का मंच भी है।उन्होंने छात्रों को समझाया कि मेडिकल और एलाइड हेल्थ साइंस के क्षेत्र में समर्पण, संवेदनशीलता और निरंतर अभ्यास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में तकनीक और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, इसलिए छात्रों को चाहिए कि वे नई तकनीकों को सीखने के लिए हमेशा तैयार रहें।

### बीएमयू में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

डॉ. विनोद ने अनुशासन, समय प्रबंधन और टीमवर्क को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि यदि छात्र इन तीन बातों को अपनाते हैं, तो वे अपने करियर में नई ऊंचाइयों को जरूर छुएंगे। उन्होंने नए छात्रों को अपने लक्ष्य स्पष्ट रखने, सकारात्मक सोच विकसित करने और चुनौतियों को अवसर की तरह अपनाने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक सुविधाओं, रिसर्च वातावरण और कौशल आधारित गतिविधियों का लाभ उठाने की सलाह दी। रजिस्ट्रार ने उम्मीद जताई कि नए छात्र संस्थान की प्रतिष्ठा और मूल्यों को आगे बढ़ाएंगे।इसके बाद प्रो. अरूप गिरी ने भी छात्रों को सीखने की निरंतरता और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी।फ्रेशर्स पार्टी में नृत्य, गायन, फैशन वॉक और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। मंच पर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वरिष्ठ छात्रों ने नए साथियों का हर्षपूर्वक स्वागत किया।कार्यक्रम में फैकल्टी के सदस्य डॉ. सोनिया सरोहा (उप-डीन), डॉ. चारु, डॉ. ज्योति रानी, डॉ. प्रीति सांगवान, डॉ. मनीला, डॉ. रूचि, डॉ. प्रदीप, डॉ. सपना, डॉ. पिंकी और डॉ. राम मेहर उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप


छोटू राम स्टेडियम की खासता हालत।

### छोटू राम स्टेडियम की हालत बदहाल

**रोहतक।** विभिन्न सामाजिक संगठनों का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को सचिवालय पहुंचा और छोटू राम स्टेडियम की खस्ताहाल स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की। उपायुक्त चंडीगढ़ मीटिंग में होने के कारण प्रतिनिधिमंडल ने उनकी अनुपस्थिति में डीसी के प्रतिनिधि डीडीपीओ को स्टेडियम की वर्तमान स्थिति से जुड़े फोटो, वीडियो और शिकायतें सौंपीं। राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन पावड़िया ने बताया कि छोटू राम स्टेडियम खिलाड़ियों का केंद्र होने के बावजूद नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। सीटिंग एरिया से लेकर ओपन स्पेस तक जगह-जगह गंदगी और टूटी-फूटी संरचनाएं दिखाई देती हैं। प्रदेश संगठन मंत्री रमेश खासा ने बताया कि स्टेडियम का रनिंग ट्रैक न सिंथेटिक है और न ही समतल मिट्टी का बना यह ट्रैक उबड़-खाबड़ हो चुका है। फुटबॉल ग्राउंड के पोल जंग लगा चुके हैं और मैदान में घास, ईंटें व पत्थर बेतरतीब फैले हुए हैं।



### 17 दिसंबर को मनाया जाएगा पेंशनर दिवस

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज की मासिक बैठक शुक्रवार को मानसरोवर पार्क स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा पेंशनरों की सदस्यता बढ़ाना और 17 दिसंबर को पूरे देश व प्रदेश में मनाए जाने वाले पेंशनर दिवस की तैयारियों पर चर्चा करना रहा। प्रदेश कार्यकारिणी के सभी रोहतक सदस्य बैठक में मौजूद थे। राज्य चेयरमैन मेहर सिंह नैन और राज्य प्रधान वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस वर्ष पेंशनर दिवस पर 80 वर्ष पूरे करने वाले पेंशनरों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेंशनरों के अधिकारों और लाभों के लिए सभी को एकजुट रहना होगा। राज्य उपाध्यक्ष धर्मकौर ने सभी सदस्यों से अपील की कि वे सदस्यता बढ़ाएं और 17 दिसंबर को उत्साहपूर्वक भाग लें। जिला झज्जर प्रधान राजवीर सिंह और अन्य सदस्यों ने भी पेंशनरों की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। पूर्व राज्य उपप्रधान आनंद स्वरूप, रामरती देवी और ईश्वर सिंह ने सदस्यता बढ़ाने को लोकतंत्र की शक्ति बताया।

### लंबित शिकायतों का तुरंत निपटारा करें अधिकारी

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर सहित विभिन्न शिकायत पोर्टलों पर लंबित सभी शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि री-ओपन हुई शिकायतों को प्राथमिकता के साथ हल किया जाए ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने लम्बित क्शिकायतों की विभागवार स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा राज्यभर में समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निपटान की वर्चुअल समीक्षा की।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# एडीसी ने दिलवाई लिंगभेद त्याग व कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ

कार्यक्रम में दो बेटियों के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाली माताओं को भी शॉल देकर सम्मानित किया



रोहतक। लिंगभेद त्याग व कन्या भ्रूण हत्या समाप्त करने की शपथ दिलवाते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिला विकास भवन के सभागार में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर लोगों को लिंगभेद की मानसिकता त्यागने, कन्या भ्रूण हत्या समाप्त करने और महिलाओं एवं पुरुषों में समान अवसरों के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ दिलवाई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि कन्या जन्म को प्रोत्साहित करना, लड़कियों को शिक्षा के अवसर देना और उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थितगण को यह भी संकल्प दिलवाया कि वे जन्म पूर्व लिंग जांच के विरोध, कन्या भ्रूण हत्या रोकने तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ संदेश के प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणाम, लिंग चयन प्रतिबंध, लिंग भेदभाव खत्म करने और बेटियों की शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किशोरियों की सहभागिता के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर चार्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली किशोरियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। उच्च लिंगानुपात दर्ज करवाने वाले गांवों के सरपंचों को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त दो बेटियों के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाली माताओं को भी शॉल देकर सम्मानित किया गया। घर-घर जाकर लोगों को बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा के लिए प्रेरित करने तथा लिंगानुपात सुधार में योगदान देने वाली सुपरवाइजर्स को भी सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसौदिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधीक्षक, पोषण कोऑर्डिनेटर, पीएमएमवीवाई असिस्टेंट, सभी परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, बाल संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, सभी सुपरवाइजर व आंगनवाड़ी वर्कर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# शहीदों के आश्रितों की मदद करना सभी का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला सैनिक एवं अर्द्ध सैनिक कल्याण कार्यालय के अधिकारियों ने शुक्रवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) का दौरा कर सशस्त्र बल ध्वज दिवस कोष के लिए योगदान एकत्र किया। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह तथा कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने अपना योगदान देकर इस अभियान की शुरूआत की। जिला सैनिक बोर्ड, रोहतक की सचिव विंग कमांडर गौरिका ने इस अवसर पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह और कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत को सेना के बैज लगाकर सम्मानित किया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे हमारे सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के परिवारों और शहीदों के आश्रितों की सहायता करना हर नागरिक का कर्तव्य है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि यह कोष उन वीर जवानों के सम्मान में छोटी-सी पर बड़ी पहल है, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने सभी को ध्वज दिवस कोष में बढ़-चढ़कर योगदान करने की अपील की। विंग कमांडर गौरिका ने बताया कि आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे हर वर्ष 7 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन एकत्र की गई धनराशि दिव्यांग सैनिकों, युद्ध विधवाओं और देश के लिए अपना बलिदान देने वाले सैनिकों के आश्रितों के पुनर्वास एवं सहायता के लिए उपयोग की जाती है। नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी कोष में योगदान कर सकते हैं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में नो नशा नेशन अभियान का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डीएवी पब्लिक स्कूल 7 दिसंबर को नो नशा नेशन अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस राष्ट्रीय स्तर के अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की प्रवृत्तियों से दूर रखना, समाज को स्वस्थ एवं सशक्त बनाना और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। यह जानकारी प्राचार्या रिंकू वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान डीएवी मूवमेंट और आर्य युवा समाज द्वारा पद्मश्री डॉ. पुनम सूरी (अध्यक्ष, डी.ए.वी. मूवमेंट) के मार्गदर्शन में शुरू किया जा रहा है। उत्तर भारत से शुरू होकर देश भर में इस अभियान का विस्तार किया जाएगा, जो नशा-मुक्त राष्ट्र की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास होगा। विद्यालय परिसर में पोस्टर, बैनर और होर्डिंग लगाए गए हैं। अभिभावकों, समुदाय के सदस्यों और स्थानीय संगठनों को अभियान से जोड़ा जा रहा है। आसपास के क्षेत्रों में पंपलेट वितरण और सोशल मीडिया प्रचार तेज़ी से चल रहा है। कार्यक्रम के लिए प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग से आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त कर ली गई हैं।

### कार्यक्रम दिवस की प्रमुख झलकियां

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक हवन से होगा, जिसमें छात्र, अभिभावक और गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। इसके बाद सभी प्रतिभागी नो नशा नेशन की शपथ लेंगे और नशे के खिलाफ एकजुटता का संदेश देंगे। पुनर्वास केंद्रों के विशेषज्ञ वास्तविक अनुभव साझा करेंगे ताकि युवाओं को नशे के दुष्परिणामों की गहरी समझ मिले। स्कूली छात्र नारे और बैनरों के माध्यम से नशा-मुक्त भारत का संदेश फैलाएंगे।


प्राचार्या रिंकू वर्मा

### फसल बीमाको लेकर एडीसी ने दिए निर्देश

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि वे जिला, उपमंडल और खंड स्तर पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को यह भी निर्देश दिया कि जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठकों में प्रत्येक खंड से किसानों को भी आमंत्रित किया जाए, ताकि किसान योजना से संबंधित प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें। अतिरिक्त उपायुक्त स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

# आरपीएस के आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आरपीएस स्कूल में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड का पहला चरण, दूसरा तीसरा व चौथा चरण पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ छह विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। इसके बाद पांचवें व अंतिम चरण में आईजेएसओ इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आदिश की ऐतिहासिक उपलब्धि पर ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। आरपीएस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। आदिश ने विज्ञान व गणित विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।


छात्र आदिश जैन।

### आईजेएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मंच

डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतर राष्ट्रीय मंच है, जहां छात्र विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12 से 15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। प्रतियोगिता में आरपीएस के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया था।

### टूटी सड़कों से बढ़ी लोगों की मुश्किलें

**सांपला।** कस्बे में टूटी सड़कों और उड़ती धूल ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। सांपला बस अड्डे से झज्जर फ्लाईओवर तक और बाजार से नया बास मार्ग तक सड़कें जगह-जगह से उखड़ी हुई हैं। लोगों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी विभाग केवल मरम्मत के नाम पर खाना-पूर्ति कर रहा है। झज्जर फ्लाईओवर के नीचे पड़े गड्ढों में सिर्फ रोटी-दाल डालने जैसा अस्थायी काम किया गया, लेकिन धूल पहले से ज्यादा उड़ने लगी है। मंडी मोड़ से रेलवे ब्रिज तक भी यही हालात हैं। यहां मोटे पत्थरों पर चलते हुए दोपहिया वाहन चालक अक्सर फिसलकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। बड़े वाहनों के टायरों से पत्थर दूर

# रोहतक में ठोस कचरा प्रबंधन को मिली नई ताकत
## फ्रेश वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का मेयर ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



नगर निगम द्वारा शहर के ठोस कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से फ्रेश वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का शुभारंभ शुक्रवार दोपहर ड्रेन नंबर-8 के पास स्थित प्लांट परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने प्लांट का उद्घाटन किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर मेयर, वार्ड सदस्य एवं निगम अधिकारी भी उपस्थित रहे। निगम के अनुसार यह आधुनिक प्लांट प्रतिदिन शहर से उत्पन्न होने वाले 225 मीट्रिक टन ठोस कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करेगा। यह परियोजना वर्ष 2025–26 में 600 टीपीडी क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।

### स्वच्छता में सफाई की अपील

निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि भविष्य में महम, सांपला और कलानौर क्षेत्रों से आने वाले प्रतिदिन लगभग 40–50 एमटी कचरे को भी यही प्लांट प्रोसेस करेगा। उद्घाटन के दौरान मेयर वाल्मीकि और आयुक्त डॉ. शर्मा ने कहा कि उन्नत तकनीक से संचालित यह प्लांट शहर में स्वच्छता प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देगा । नगर निगम रोहतक ने नागरिकों से अपील की है कि वे कचरा पृथक्करण और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए स्वच्छ रोहतक के निर्माण में सहयोग बनाए रखें।

# एमडीयू के डॉ. हरि मोहन को बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन अवॉर्ड



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरि मोहन ने लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार में 3 से 5 दिसंबर तक विज्ञान और समाज का सेतु : सतत एक-स्वास्थ्य हेतु जैव प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया। डॉ. हरि मोहन को सम्मेलन में बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. हरि मोहन ने टीआईओ–एडेनिन नैनोसंयोजन आधारित नष्ट हो सकने वाला जीनोसेंसर, जिसे स्क्रीन प्रिंटेड स्वर्ण इलेक्ट्रोड पर संशोधित कर एच1एन1 वायरस की पहचान हेतु विकसित किया गया है विषय पर अपना शोध विवेचन किया। उनके शोध में बताया गया कि यह जीनोसेंसर स्वाइन फ्लू वायरस की तीव्र, विशिष्ट और अत्यंत संवेदनशील पहचान में अत्यंत कारगर सिद्ध हो सकता है। डॉ. हरि मोहन ने बताया कि इस प्रकार का पॉइंट-ऑफ़-केयर उपकरण महामारी जैसी परिस्थितियों में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही इसे फील्ड स्तर पर ही उपयोग किया जा सकता है, जिससे नमूनों को प्रयोगशाला तक ले जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

# मंडल स्तरीय कला कार्यशाला के पांचवें बैच के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने बिखेरे हुनर के रंग


कला का प्रदर्शन करती प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शिक्षा विभाग द्वारा टीजीटी ड्राइंग शिक्षकों के लिए आयोजित मंडल स्तरीय कला कार्यशाला का आयोजन स्थानीय जीजीएसएसएस, हिसार रोड में चल रहा है। 5 दिसंबर 2025 को पांचवें बैच के दूसरे दिन की शुरुआत उत्साह, रचनात्मकता और नई ऊर्जा के साथ हुई। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. सुनीता अहलावत ने सत्र का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह कार्यशाला शिक्षकों को कला की गहराइयों को समझने और नई तकनीकों को अपनाने का उत्तम अवसर प्रदान करती है। उन्होंने सभी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे पूरी निष्ठा से कला को आत्मसात कर विद्यालयों में विद्यार्थियों तक इसे प्रभावी रूप से पहुंचाने का संकल्प लें। आज के सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक जगत मुनि ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को समृद्ध किया।

उन्होंने 'फ्री हैंड स्केचिंग' पर लाइव डेमो देते हुए दिखाया कि कैसे केवल हाथ और पेंसिल के संतुलन से सजीव रेखाचित्र बनाए जा सकते हैं। उनके अनुभव और शैली ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया। दिन भर टीजीटी कला अध्यापकों ने विभिन्न कलात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक लिप्पन कला, मूवेबल रंगोली तथा कैनवास पेंटिंग पर काम किया। कैनवास पर उकेरे गए भावों और आकृतियों ने कार्यशाला का वातावरण रंगीन बना दिया। सभी मास्टर ट्रेनर्स और सहायक टीम ने सक्रिय सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।


### लिप्पन कला पर विशेष सत्र आयोजित

लिप्पन कला पर विशेष सत्र में बताया गया कि यह कला गुजरात के कच्छ क्षेत्र की पारंपरिक मड एंड मिरर वर्क है, जो 'लीपना' शब्द से उत्पन्न हुई है। पारंपरिक रूप से गोबर और मिट्टी के मिश्रण से घरों को सजाने के लिए उपयोग की जाने वाली इस कला में आजकल आधुनिक सामग्री का प्रयोग भी हो रहा है। इसमें मिट्टी की डोरियों से उभरे डिज़ाइन बनाकर 'आभला' यानी कांच के टुकड़ों को जड़ा जाता है, जिससे मनमोहक आकृतियां तैयार होती हैं। कार्यशाला का दूसरा दिन रचनात्मकता, सीख और कला के प्रति समर्पण का सुंदर उदाहरण रहा।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Computer Operator (Male) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# रोहतक से हो रहा राजनीतिक भेदभाव, विकास के लिए नहीं मिल रहा पूरा बजट : बतरा



रोहतक का विकास कांग्रेस की देन, आज समस्याओं से जूझ रही जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक शहर से कांग्रेस विधायक बीबी बतरा ने रोहतक के विकास, मौजूदा सरकारी व्यवस्थाओं और सामाजिक वातावरण को लेकर गंभीर टिप्पणियां कीं। शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में पहुंचे विधायक ने शहर से जुड़े मुद्दों पर अपनी बेबाक राय रखी। उन्होंने कहा कि रोहतक में कांग्रेस कार्यकाल के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विकास किया था, रोहतक की चमक कांग्रेस की देन है, लेकिन जैसे ही सरकार बदली तो विकास का स्वरूप भी बदल गया। आज जनता समस्याओं से जूझ रही है। रोहतक के साथ राजनीतिक भेदभाव हो रहा है। रोहतक के हिस्से का पूरा पैसा उसे नहीं मिल रहा, ऐसा नहीं होना चाहिए। बतरा ने चिंता जाहिर की है कि आने वाले समय में रोहतक को भारी जल संकट से गुजरना पड़ेगा क्योंकि सरकार ने पेयजल आपूर्ति को लेकर कोई ठोस योजना नहीं बनाई है। बतरा ने कहा कि 2005 से 2014 तक कांग्रेस ने रोहतक को न केवल शैक्षणिक हब बनाया बल्कि शहर को गुरुग्राम जैसी आधुनिक पहचान देने का विजन भी शुरू किया था, लेकिन सरकार बदलने के बाद वह विकास गति ठहर गई और आज शहर कई मोर्चों पर पिछड़ता दिख रहा है। शहर में कूड़े के ढेर आम दृश्य बन चुके हैं। सफाई व्यवस्था की हालत खराब है और नागरिक लगातार परेशान हैं। परिवार पहचान पत्र और प्रॉपर्टी आईडी ने लोगों की समस्याएं बढ़ा दी हैं। कई परिवार ऐसे हैं जिनके 55 गज के प्लॉट को रिकॉर्ड में 255 गज दिखा दिया गया है।

## हरिभूमि कार्यालय में शहर से जुड़े मुद्दों पर विधायक बीबी बतरा ने रखी बेबाक राय

### कच्ची कॉलोनियों के बढ़ते विस्तार को बताया खतरा

*विधायक ने रोहतक के सामाजिक ढांचे पर कहा कि शहर के चारों तरफ सैकड़ों कच्ची कॉलोनियां कट चुकी हैं। यह प्रवृत्ति न केवल अवैध निर्माण को बढ़ावा दे रही है बल्कि भविष्य में बड़ी सामाजिक व प्रशासनिक चुनौतियां खड़ी करेगी। कच्ची कॉलोनियों का यह फैलाव आने वाले समय में शहर को अव्यवस्थित और असुरक्षित माहौल की तरफ ले जा सकता है।*

### जल संकट और विकास योजनाओं पर भी उठाए सवाल

*बीबी बतरा ने कहा कि भाजपा सरकार को दस साल से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन शहर में पीने के पानी के लिए आज भी केवल तीन ही जलघर हैं। चौथे जलघर की आवश्यकता होने के बावजूद धरातल पर इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि शहर का विस्तार बढ़ रहा है, आबादी बढ़ रही है, लेकिन जल वितरण प्रणाली में कोई बड़ा सुधार नहीं हुआ, जिससे आगामी वर्षों में जल संकट गहरा सकता है।*

### बीपीएल कार्ड कट रहे

बतरा ने कहा कि मौजूदा समय में विकास और युवाओं के भविष्य की बजाय धर्म की राजनीति का वातावरण बनाया जा रहा है, जिससे सामाजिक सद्भाव प्रभावित होता है। चुनाव से पहले लाखों की संख्या में बीपीएल कार्ड बनाए गए थे, लेकिन सरकार आते ही बड़ी संख्या में इन्हें काटा जा रहा है, जिससे गरीब परिवारों को भारी नुकसान हुआ है। शहर को आधुनिक, स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए स्पष्ट विजन की आवश्यकता है। जनता जिन समस्याओं का सामना आज कर रही है, उनका समाधान तभी संभव है जब प्रशासनिक और राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत हो।

- कांग्रेस विधायक बोले, आने वाले समय में शहर में जल संकट गहराएगा, प्रशासन ने नहीं बनाई ठोस योजना
- शहर को गुरुग्राम बनाना था, लेकिन सरकार बदलते ही सपना टूट गया
- परिवार पहचान पत्र और प्रॉपर्टी आईडी ने लोगों की समस्याएं बढ़ाई
- सफाई व्यवस्था की हालत खराब, शहर में जगह-जगह लगे हैं कूड़े के ढेर

## शूटिंग में निआ शर्मा ने जीता रजत पदक



**रोहतक।** उभरती खिलाड़ी निआ शर्मा ने एक बार फिर अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए 13वीं बहादुर सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप, पानीपत में सब यूथ विमेंस आईएसएसएफ कैटेगरी में रजत पदक हासिल किया है।

निआ शर्मा का यह सफर लगातार उपलब्धियों से भरा रहा है। वर्ष 2019 में आयोजित पहली भारतीय टेबल टेनिस मैराथन में उन्होंने कांस्य पदक जीता था। उसी वर्ष प्रोमेथियस स्वर्ण कप प्रतियोगिता में उन्होंने रजत पदक हासिल किया। इसके बाद 2020 में आयोजित तृतीय ओपन एस.आर.एस. टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भी निआ ने रजत पदक अपने नाम किया। वर्ष 2022 में आयोजित चतुर्थ ओपन एस.आर.एस. प्रतियोगिता में भी उन्होंने रजत पदक जीता। शूटिंग और टेबल टेनिस दोनों खेलों में निआ शर्मा ने उम्दा खेल दिखाया।

## बारिश में जलभराव की समस्या होगी समाप्त, कई कॉलोनियों को लाभ

# गोकर्ण पार्क में 17.72 करोड़ रुपये से बनेगा स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल

- अगले तीन माह के भीतर टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और उसके बाद निर्माण कार्य भी जल्द करवाने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गोकर्ण पार्क क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या अब खत्म होने जा रही है। जनस्वास्थ्य विभाग ने 17.72 करोड़ रुपये की लागत से एक बड़े स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल सिस्टम के निर्माण की योजना तैयार की थी, जिसकी डीपीआर मुख्यालय को भेजी गई थी। विभाग को अब इस परियोजना की मंजूरी मिल चुकी है। मंजूरी मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों ने बताया कि अगले तीन माह के भीतर इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और उसके बाद निर्माण कार्य भी आरंभ हो जाएगा। इस क्षेत्र के लोग बरसों से जलभराव की परेशानी झेल रहे हैं। बारिश के मौसम में गोकर्ण पार्क और उसके आस-पास की कॉलोनियों में चार से पांच फीट तक पानी भर जाता था। इस कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता था। कई बार तो सड़कें कई घंटों तक बंद जैसी स्थिति में चली जाती थीं, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

स्थानीय नागरिकों ने कई बार इस समस्या के समाधान की मांग प्रशासन के सामने उठाई थी। लोगों का कहना था कि जलभराव के कारण घरों में गंदा पानी घुस जाता था और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी काफी बढ़ जाते थे।

अब इस बड़े प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलना इलाके के हजारों लोगों के लिए राहत की बड़ी उम्मीद है। स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल बनने से न सिर्फ गौकर्ण पार्क, बल्कि इसके आसपास के बड़े हिस्से को भी राहत मिलेगी। लाभ पाने वालों में जींद रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, नेहरू कॉलोनी और आसपास की अन्य आवासीय कॉलोनियां शामिल हैं। इन इलाकों में हर बारिश के दौरान पानी भरने की समस्या बार-बार सामने आती थी। परियोजना की मंजूरी की खबर मिलते ही स्थानीय निवासियों ने इसे राहत भरी पहल बताया।

उनका कहना है कि अब उन्हें बारिश में पानी भरने की समस्या से छुटकारा मिलेगा। कई लोगों ने उम्मीद जताई कि टेंडर प्रक्रिया और निर्माण कार्य समय पर पूरा होकर जल्द ही क्षेत्र को जलभराव से मुक्ति मिलेगी। गौकर्ण पार्क और इससे जुड़े क्षेत्रों में स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल का निर्माण न केवल एक विकास परियोजना है, बल्कि यह नागरिकों के जीवन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण जरूरत पूरी करने की दिशा में बड़ा कदम है।

### अत्याधुनिक तकनीक से बनेगा सिस्टम



नए डिस्पोजल सिस्टम से बारिश का पानी तेजी से निकल जाएगा और सड़कें पानी से मुक्त रहेंगी। इससे न केवल लोगों की दैनिक गतिविधियां बेहतर होंगी बल्कि यातायात व्यवस्था भी सुचारु रहेगी। दुकानदारी और स्थानीय कारोबार पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि जलभराव के कारण व्यापार अक्सर प्रभावित होता रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग ने बताया कि स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल पूरी तरह आधुनिक तकनीक से तैयार किया जाएगा। इसमें बड़े आकार की पाइपलाइन, उच्च क्षमता वाले पंप और वैज्ञानिक तरीके से डिजाइन किए गए जल निकासी मार्ग शामिल होंगे। निर्माण एजेंसी को यह ध्यान रखने के निर्देश दिए जाएंगे कि सिस्टम आने वाले कई वर्षों तक बिना किसी बड़ी दिक्कत के सुचारु रूप से काम करे।

### डीपीआर को विभाग से मिल चुकी है मंजूरी

विभाग ने 17.72 करोड़ रुपये की लागत से एक बड़े स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल सिस्टम के निर्माण की योजना तैयार की थी, जिसकी डीपीआर मुख्यालय को भेजी गई थी। विभाग को अब इस परियोजना की मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी और उसके बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

**- शिवराज सिंह,** अधीक्षण अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

## डीएलसी सुपवा में परिणाम आधारित शिक्षा पर कार्यशाला



डीएलसी सुपवा में आयोजित कार्यशाला में सम्बोधित करते डॉ. आदित्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लख्मीचंद राज्य दृश्य एवं प्रदर्शन कला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को परिणाम-आधारित शिक्षा और कैरियर प्रगति योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण पद्धतियों को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना, पाठ्य-योजना को अधिक प्रभावी करना और अधिगम-परिणामों के आधार पर मूल्यांकन प्रणाली को मजबूत करना रहा।

कार्यशाला का संचालन आईक्यूएसी परामर्शदाता डॉ. आदित्य ने किया। उन्होंने प्रतिभागी प्राध्यापकों को परिणाम-आधारित शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षित किया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से कुल 40 प्राध्यापकों ने इस प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया।

कुलपति डॉ. अमित आर्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि परिणाम–आधारित शिक्षा न केवल शिक्षण में सुधार लाती है, बल्कि शिक्षार्थियों को गहरी समझ, स्पष्ट लक्ष्य और भविष्य की तैयारी का आधार भी प्रदान करती है। ऐसे कार्यक्रम विश्वविद्यालय को वैश्विक मानकों के अनुरूप आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आईक्यूएसी अध्यक्ष डॉ. अजय कौशिक ने कहा कि यह कार्यशाला संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता रूपरेखाओं को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने बताया कि आईक्यूएसी आगे भी प्राध्यापक विकास और संस्थागत सुधार हेतु ऐसी क्षमता–वर्धन गतिविधियां आयोजित करता रहेगा।

## सैनी पब्लिक स्कूल के नए भवन का भूमि पूजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सैनी एजुकेशन सोसाइटी द्वारा नवनिर्मित सैनी पब्लिक स्कूल भवन का भूमि पूजन शनिवार को आयोजित किया जाएगा। संस्था के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने बताया कि इस भवन का शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा 14 सितंबर को किया गया था।

संस्था की प्रबंधक कमेटी, पदाधिकारी, कॉलेजियम सदस्य और समाज के गणमान्य व्यक्ति हवन यज्ञ और भूमि पूजन में शामिल होंगे। इसके उपरांत आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए स्कूल भवन की नींव रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि लगभग 75 वर्ष पुराने भवन की जगह नया अत्याधुनिक तीन मंजिला स्कूल भवन तैयार किया जाएगा, जिसमें आधुनिक कक्षाएं, आवश्यक शैक्षणिक संसाधन और सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मीडिया प्रभारी श्याम कटारिया ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और भूमि पूजन के तुरंत बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। नया भवन विद्यार्थियों को बेहतर और उन्नत शिक्षा वातावरण प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## प्रो. धनखड़ ने साझा किए अत्याधुनिक शोध

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी केंद्र में कुलपति विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। अमेरिका स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स के प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. ओम प्रकाश धनखड़ ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता की।

सत्र की शुरुआत में केंद्र निदेशक ने डॉ. रितु गिल ने प्रो. ओम प्रकाश धनखड़ का औपचारिक स्वागत किया। डॉ. एसएस गिल ने उनका परिचय देते हुए पौध जैव प्रौद्योगिकी और सतत कृषि के क्षेत्र में उनकी पर्यावरण हितैषी कृषि तकनीकों व पौध सुधार से संबंधित नवीनतम वैश्विक शोध प्रवृत्तियों पर विस्तार से चर्चा की।

व्याख्यान के दौरान शिक्षकों और शोधार्थियों के साथ उनका संवाद अत्यंत सारगर्भित और प्रेरक रहा। कार्यक्रम में प्रो. सुरेंद्र यादव, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. समुन्द्र कौशिक, डॉ. सुन्दर सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. दर्शना, डॉ. महक डांगी, डॉ. एन. पी. सिंह सहित शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जेपी इंटरनेशनल स्कूल में किया स्वच्छता के प्रति जागरूक



स्वच्छ रोहतक स्वस्थ रोहतक अभियान के तहत जेपी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक।

**रोहतक।** स्वच्छ रोहतक स्वस्थ रोहतक अभियान के तहत शुक्रवार को जेपी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 36 के ऑडिटोरियम में नगर निगम रोहतक और अखंड हरिधाम के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम कमिश्नर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जहां उन्होंने रोहतक को स्वच्छ रखने के महत्व पर अपने विचार साझा किए और बच्चों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। यह मुहिम सूर्यवंशी महामंडलेश्वर अनभूतानंद महाराज के सानिध्य में 3 दिसंबर से रोहतक के विभिन्न स्कूलों में चलाई जा रही है। इसकी शुरुआत एम.एस. सरस्वती स्कूल, जींद रोड से हुई थी और यह 30 दिसंबर तक जारी रहेगी। समापन दिवस पर भिवानी स्टैंड से नगर निगम कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला जाएगा, जिसमें विभिन्न सामाजिक संस्थाएं शामिल होंगी। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमेन राजीव मलिक ने विद्यालय की गतिविधियों और देशभक्ति कार्यक्रमों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डायरेक्टर गौरव मलिक ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। प्रमुख वक्ताओं में सीनियर सिटीजन जनसेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, सुषमा, सुधीर शर्मा और अखंड हरिधाम से हर्ष वैध उपस्थित रहे। नगर निगम के स्वच्छता सलाहकार सलिल मेहता ने गीले और सूखे कचरे के सही निपटान पर विस्तृत जानकारी दी। आशीष ने भी स्वच्छता पर अपने विचार रखे। अंत में स्कूल प्रबंधन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## अजायब में कंक्रीट की गली को बिना उखाड़े बिछा रहे इंटरलॉकिंग टाइल्स

- ग्रामीणों ने प्रशासन से निर्माण पर रोक लगाने की मांग की ताकि मकान नीचे न पड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम



**महम।** अजायब गांव में कंक्रीट की गली के ऊपर बिना मलबा उठाए बिछाई जा रही इंटरलॉकिंग टाइल्स। *फोटो : हरिभूमि*

अजायब गांव के पाना खास में सीसी की गली का मलबा उठाए बिना ही इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई जा रही हैं। जिस वजह से कई मकान नीचे पड़ जाएंगे। गांववासी अनिल कुमार, मंजीत कुमार, विनोद कुमार, अभिषेक, गीता व संदीप आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा उनके घरों के पास गली का निर्माण किया जा रहा है। यह गली पहले कंक्रीट से बनाई गई थी।

ग्राम पंचायत को पहले कंक्रीट का मलबा उठाना चाहिए था ताकि नई गली बनने के बाद घरों के पानी की निकासी सही ढंग से हो सके। लेकिन पंचायत ने बिना कंक्रीट का मलबा उठाए ही इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछानी शुरू कर दी हैं। गली के लोगों ने बार बार पंचायत से कंक्रीट का मलबा उठाकर फिर नई गली बनाए जाने की गुहार लगाई। लेकिन ग्राम पंचायत ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इस संबंध में ग्रामीण समाधान शिविर में भी शिकायत दे चुके हैं। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय में कई बार ग्रामीण शिकायत कर चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद सरपंच जबरदस्ती इस गली को अपने हिसाब से बनाने पर तुले हैं। ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता से गली का मलबा उठाकर गली बनाए जाने की मांग की है। कहा है कि यदि यह गली पुरानी सीसी की गली के ऊपर बना दी गई तो कई परिवारों को लाखों का नुकसान हो जाएगा। ग्रामीणों ने कहा है कि जीवन में मकान एक बार मुश्किल से बनता है। यदि मकान नीचे पड़ तो पानी की निकासी नहीं हो पाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## सुरक्षा | वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टिव टेप, चालकों को दिए सुरक्षा मंत्र

# धुंध ने बढ़ाई सड़क दुर्घटनाओं की आशंका, यातायात पुलिस बनी ढाल

सर्दियों में बढ़ते धुंध और कोहरे के बीच पुलिस हुई सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सर्दियों में बढ़ते धुंध और कोहरे के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर रोहतक यातायात पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के निर्देश पर यातायात पुलिस ने गुरुवार से वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का विशेष अभियान शुरू किया। इसका उद्देश्य धुंध में दृश्यता बढ़ाना और सड़क हादसों को रोकना है।

बॉक्स

प्रभारी यातायात निरीक्षक जसबीर और सउपनि राजेश ने ट्रैक्टर-ट्रॉली पर खुद रिफ्लेक्टिव टेप लगाई। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस टीम ने वाहन चालकों को न केवल टेप का महत्व समझाया, बल्कि धुंध में सुरक्षित ड्राइविंग के नियम भी बताए। निरीक्षक जसबीर सिंह ने कहा कि धुंध के दौरान दृश्यता बेहद कम हो जाती है, इसलिए लो-बीम हेडलाइट का उपयोग करें। इंडिकेटर हमेशा ऑन रखें ताकि दूसरा वाहन आपकी मौजूदगी समझ सके। फॉग लाइट का उपयोग केवल दृश्यता न्यून होने पर करें। वाहन की हेडलाइट, ब्रेक, इंडिकेटर, टायर, वाइपर और बैटरी सही हालत में होना जरूरी है।



**रोहतक।** रिफ्लेक्टिव टेप लगवाते पुलिस अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### काली सड़क पर सफेद लकीर बनेगी गाइड

पुलिस ने वाहन चालकों को बताया कि कोहरे में सड़क पर बनी सफेद या पीली लाइन का सहारा लें। गति सीमा नियंत्रित रखें और मोबाइल, म्यूजिक सिस्टम से ध्यान न भटकाएं। आपात स्थिति में वाहन को सड़क से नीचे उतारने की सलाह दी गई।

### अभियान करेंगे तेज

रोहतक पुलिस का यह अभियान आने वाले दिनों में और तेज किया जाएगा। रिफ्लेक्टिव टेप रात और धुंध में वाहन को दूर से दिखाने में मदद करती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं काफी कम हो जाती हैं।

## दयानंद मठ में मासिक वैदिक सत्संग कल

**रोहतक।** आर्य प्रतिनिधि सभा में 7 दिसबंर को सुबह 9 बजे से 12.30 बजे तक मासिक वैदिक सत्संग पंडित जगदेवसिंह सिद्धान्ती भवन, दयानंमठ में किया जाएगा। इस अवसर पर आर्यजगत के प्रसिद्ध वैदिक विद्वान आचार्य वेदमित्र (भऊ आर्यपुर, रोहतक) उपस्थित रहेंगे। सत्यवती आर्या, सत्यनारायण आर्य, राजकुमार आर्य, हनुमत आर्य (मकड़ौली) सहित अन्य भजनोपदेशक इस अवसर पर अपने भजनों के माध्यम से उपस्थित जनों का मन मोहेंगे।

कार्यक्रम का संचालन सुभाष सांगवान, प्रधान, वेदप्रचार मंल जिला रोहतक करेंगे। सत्यवान आर्य ने आमंत्रित आर्यजनों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित समय पर इस कार्यक्रम में भाग लें और वैदिक परम्परा को आगे बढ़ाने में सहयोग दें।